प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

29.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के आज तीसरे दिन प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाएं जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 21 दिसंबर 2023 को विधायक सुखराम चौधरी और कुलदीप सिंह राठौर द्वारा नियम 101 के तहत गैर सरकारी दिवस पर प्रस्तुत संकल्प के अंतर्गत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी देंगे। इस दौरान राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम समिति का 52वां वार्षिक प्रतिवेदन सभा पटल पर रखेंगे। आज गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस है। विधायक जनक राज, जीत राम कटवाल, राकेश जमवाल अलग अलग विषय अपना संकल्प पेश करेंगे। विधानसभा में आपदा विषय पर चर्चा आज भी जारी रहेगी।

कैबिनेट–एफएम चैनल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2 सौ 34 नए शहरों में 7 सौ 30 निजी एफएम चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय से श्रेणी–दो और तीन के शहरों में एफएम रेडियो की पहुंच बनेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में स्थानीय प्रतिभाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एफएम चैनल के माध्यम से इन क्षेत्रों में सरकारी कार्यक्रमों की पहुंच बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

राष्ट्रीय खेल दिवस

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। हर साल 29 अगस्त को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस भारतीय हॉकी में मेजर ध्यानचंद की विरासत के सम्मान और शारीरिक गतिविधियों तथा खेल के महत्व को दर्शाता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को एक फिट राष्ट्र बनाने का है। उन्होंने सभी नागरिकों को आज राष्ट्रव्यापी उत्सव में भागीदारी करने का आग्रह किया।

– राज्य सरकार ने 75 वर्ष पूरे करने वाले पेंशनर्ज को 50 प्रतिशत एरियर देने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के तहत 28 हजार पेंशनर्ज को एरियर की आधी धनराशि के तौर पर 500 करोड़ खर्च होंगे। वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। वित्त विभाग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि जो भी पेंशनर्ज चल रहे अगस्त माह के अंत तक 75 वर्ष पूरे कर लेंगे, उन्हें पहली जनवरी 2016 से संशोधित पेंशन का एरियर जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 15 अगस्त को देहरा में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 75 साल पूरे कर चुके पेंशनर्ज और पारिवारिक पेंशनर्ज को एरियर दिए जाने की घोषणा की थी।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में बिती रात से रूक रूक कर बारिश का दौर जारी है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात होने की सूचना है। बारिश बर्फबारी के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम

विभाग ने आज सोलन, बिलासपुर, मंडी, शिमला, कुल्लू में भारी बारिश की संभावना जताई है। मानसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में पहली अगस्त से अब तक 234 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह अभी भी सामान्य से तीन प्रतिशत कम है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। **पंजाब केसरी** के शब्द हैं **कम उम्र की विधवाओं को 9 महीने में मिलेगी करूणामूलक आधार पर नौकरी।**

दैनिक भास्कर का शीर्षक है **9 महीने के भीतर करूणामूलक आधार पर सभी आश्रितों को नौकरी देगी सरकार। अमर उजाला** ने लिखा है **विस के बाहर गरजे बेरोजगार शारीरिक शिक्षक, पुलिस से हुई धक्का–मुक्की। हिमाचल दस्तक** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **बल्क ड्रग पार्क बनाने को सरकार तैयार।**

भरमौर में बाइक को पास देते समय खाई में गिरी कार, 3 की मौत दैनिक भास्कर की एक खबर है। **दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **भरमौर में खाई में जा गिरी सूमो, तीन मणिमहेश श्रद्धालुओं की मौत।**

आर के एस कर्मचारियों की हड़ताल से जुड़ी खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **आई जी एम सी में देरी से बनी मरीजों की पर्चियां, ओपीडी के बाहर भीड़।**

सचिवालय कर्मचारी अध्यक्ष समेत 4 नेताओं को नोटिस हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **लाहुल की चोटियों में बर्फबारी, कुल्लू में बादल फटा, शिमला में पेड़ गिरे, आज भी भारी बारिश।**